दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 92
मुरादाबाद
22 July 2025
(Tuesday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

राज्यसभा से बिल ऑफ लैडिंग विधेयक 2025 पारित, लोकसभा की कार्यवाही के लिए स्थगित

संसद में मानसून सत्र की हंगामेदार शुरुआत हुई। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर, चीन जैसे विषयों पर चर्चा के लिए अड़ा है। वहीं सरकार का दावा है कि ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा और सरकार हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार है। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच लोकसभा कल तक के लिए स्थगित।राज्यसभा ने बिल ऑफ लैडिंग विधेयक 2025 पारित किया। इस विधेयक का उद्देश्य पुराने भारतीय माल लदान अधिनियम, 1856, जो एक पूर्व-संवैधानिक कानून था, को प्रतिस्थापित करके संबंधित प्रावधानों को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाना है।भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव नोटिस पर कहा, %यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए एक न्यायाधीश का आचरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। हमने इस संबंध में अपना नोटिस दायर कर दिया है।जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी मिलने के मामले में राज्यसभा के 63 सांसदों ने जस्टिस वर्मा को पद से हटाने का नोटिस दिया है। वहीं लोकसभा में भी जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए नोटिस दिया गया है, जिसे 145 सदस्यों ने समर्थन दिया है। सदस्यों ने संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत महाभियोग का प्रस्ताव दिया है।

विभिन्न पार्टियों के सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें कांग्रेस, टीडीपी, जेडीयू जेडीएस, जन सेना पार्टी, शिवसेना, लोक जनशक्ति पार्टी, सीपीएम आदि के सांसद शामिल हैं। इन सांसदों में राहुल गांधी, अनुराग वर्मा, रवि शंकर प्रसाद, सुप्रिया सुले और केसी वेणुगोपाल का नाम शामिल है। AAP सांसद राघव चढ़ा ने संसद में विमान सुरक्षा से जुड़ा एक अहम मुद्दा उठाया। राघव चड्ढा ने राज्यसभा में कहा कि %भारत का नागरिक उड्डयन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसका नियमन, दबाव के कारण कमजोर हो रहा है। छत्तष्ट में न तो पर्याप्त स्टाफ है, न पर्याप्त फंडिंग, और न ही वह स्वायत्तता जो उसके लिए जरूरी है। आज इसके 55त्न तकनीकी पद खाली हैं। जो पद खाली हैं, उनकी जिम्मेदारियों में- * विमान सुरक्षा निरीक्षण * पायलट लाइसेंस जारी करना * विमान रख-रखाव * विमान की उड़ान-योग्यता प्रमाणित करना जैसे काम शामिल हैं। यह केवल कमी नहीं है, यह एक संकट है। आसमान में गलती की कोई गुंजाइश नहीं होती। DGC को SEBI ¥र TRAI की तरह स्वायत्त बनाना होगा, क्योंकि सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, एक आवश्यकता है।%सदन की कार्यवाही फिर से शुरू हो गई है। हालांकि लोकसभा की कार्यवाही फिर से शाम 4 बजे तक स्थगित कर दी गई।तीन मनोनीत सदस्यों सहित पांच राज्यसभा सदस्यों ने सोमवार को मानसून सत्र के पहले दिन संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली। सदन ने अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और जून में अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में शहीद हुए लोगों को भी श्रद्धांजलि दी। राज्यसभा ने कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता मलिकार्जुन खरगे के साथ-साथ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, राजीव शुक्ला और संगीता यादव को भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, बीरेंद्र प्रसाद वैश्य (अजपा) और कणाद पुरकायस्थ (भाजपा) ने शपथ ली। तीन मनोनीत सदस्यों मीनाक्षी जैन, सी सदानंदन मास्टर और हर्षवर्धन श्रृंगला ने भी शपथ ली। सदन ने हाल ही में दिवंगत हुए पूर्व सदस्यों को भी श्रद्धांजलि दी। सी. पेरुमल, के. कस्तूरीरंगन, रोनाल्ड सापा तलौ, नेपालदेव भट्टाचार्जी, सुखदेव सिंह ढींडसा, थेन्नाला जी. बालकृष्ण पिल्लई और विजयकुमार रूपानी के लिए मृत्युलेख संदर्भ दिए गए थे।

संक्षिप्त समाचार

लोकतंत्र लगातार कटुता बर्दाश्त नहीं कर सकता, उपराष्ट्रपति बोले- राजनीतिक तनाव घटाने की जरूरत

राज्यसभा सभापति ने सभी राजनीतिक दलों से सौहार्द और आपसी सम्मान को बढ़ावा देने और एक दूसरे के खिलाफ अभद्र भाषा या व्यक्तिगत हमलों से बचने का आग्रह किया। धनखड़ ने कहा, %आंतरिक लड़ाई हमारे दुश्मनों को मज़बूत बनाती है और हमें बांटती है।%राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि एक फलता-फूलता लोकतंत्र निरंतर कटुता के हालात बर्दाश्त नहीं कर सकता। उपराष्ट्रपति ने राजनीतिक पार्टियों से एक दूसरे पर सार्वजनिक तौर पर निजी हमले न करने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि बातचीत और चर्चा ही संघर्ष के बिना आगे बढ़ने का रास्ता हैं।

उन्होंने राजनीतिक पार्टियों से तनाव घटाने और विकास की राजनीति करने की अपील की। जगदीप धनखड़ ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र की शुरुआत में राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान ये बातें कही। उपराष्ट्रपति का यह बयान इस मायने में भी अहम है क्योंकि विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम आतंकी हमले और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान आदि जैसे मुद्दों पर सरकार से जवाब मांग रहा है और सदन में इन मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक फलता-फूलता लोकतंत्र लगातार कटुता बर्दाश्त नहीं कर सकता।

मैं विपक्ष का नेता, फिर भी मुझे बोलने नहीं दे रहे, राहुल गांधी ने सरकार पर लगाया पक्षपात का आरोप

दरअसल, कार्यवाही शुरू होते ही संसद के दोनों सदनों में हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष की ओर से ऑपरेशन सिंदूर पर तत्काल चर्चा की मांग के बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी।संसद के मानसून सत्र के पहले दिन हंगामे और स्थगन के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष का नेता होने के बावजूद उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद राहुल ने संसद भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा, %रक्षा मंत्री और सरकार के अन्य लोगों को बोलने की इजाजत है, लेकिन विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा। मैं विपक्ष का नेता हूं, बोलना मेरा अधिकार है, मुद्दे उठाना मेरा काम है, लेकिन वे मुझे बोलने नहीं दे रहे।%सरकार एक नया तरीका अपना रही% उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक नया तरीका अपना रही है। उन्होंने कहा, %प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन से चले गए। अगर वे अनुमति दें तो चर्चा हो सकती है, लेकिन मुद्दा यह है कि परंपरा कहती है कि अगर सरकार के नेताओं को बोलने की अनुमति है, तो हमें भी जगह दी जानी चाहिए। हम बोलना चाहते थे, लेकिन हमें अनुमति नहीं दी गई।% ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग पर हंगामा इससे पहले लोकसभा में कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्य ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते हुए खड़े हो गए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वह प्रश्नकाल के बाद सदस्यों को ऑपरेशन सिंदूर सहित सभी मुद्दे उठाने की अनुमति देने के लिए तैयार हैं। प्रश्नकाल दिन का पहला घंटा होता है, जिसमें सदस्य विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से संबंधित प्रश्न उठाते हैं।प्रश्नकाल के बाद सभी मुद्दे उठाने की अनुमति दूंगा% उन्होंने कहा, %मैं आपको प्रश्नकाल के बाद सभी मुद्दे उठाने की अनुमति दूंगा। सदन केवल नियमों के अनुसार ही चलेगा। इसमें नारेबाजी और तख्तियां लहराने की अनुमति नहीं दी जा सकती।% बिरला ने कहा कि यदि सदस्य नोटिस देते हैं, तो वह उन्हें सभी मुद्दे उठाने की अनुमति देंगे और प्रत्येक सांसद को पर्याप्त समय देंगे।

पहलगाम आतंकी हमले पर खरगे ने पूछे कड़े सवाल तो नड्डा बोले- आजादी के बाद ऐसा ऑपरेशन नहीं हुआ

सदन के नेता और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि %इस सदन के माध्यम से देश में ये संदेश नहीं जाना चाहिए कि हम ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा नहीं चाहते, हम चर्चा करेंगे और इस मुद्दे पर हर बात को सदन के पटल पर रखा जाएगा।%संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही और पहले ही दिन जमकर हंगामा देखने को मिला। विपक्ष ऑपरशन सिंदूर पर चर्चा की मांग कर रहा है। राज्यसभा में इस मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की, जिस पर भाजपा अध्यक्ष और सदन के नेता जेपी नड्डा ने भी जोरदार जवाब दिया।खरगे ने पहलगाम हमले के आरोपियों को लेकर पूछे कड़े सवाल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर राज्यसभा में सवाल उठाते हुए कहा कि %पहलगाम आतंकी हमले के आरोपी अभी तक न पकड़े गए हैं और न ही मारे गए हैं। सभी पार्टियों ने एकजुट होकर सरकार को इस मुद्दे पर समर्थन दिया, ऐसे सरकार की तरफ से हमें पहलगाम हमले पर और उसके बाद के घटनाक्रम पर हमें जानकारी दी जानी चाहिए।

सरकार पर सुरक्षा में लापरवाही का लगाया आरोप

खरगे ने कहा कि %पहलगाम हमले में सरकार से सुरक्षा लापरवाही हुई और ये खुद एलजी ने स्वीकार किया है। साथ ही कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने भी कई खुलासे किए। ऐसे में सरकार को हमें जानकारी दी जानी चाहिए। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप 24 बार कहा कि मेरी मध्यस्थता से समझौता हुआ, तब भारत-पाकिस्तान का संघर्ष थमा। ये देश के लिए अपमानजनक है कि एक बाहर का आदमी ऐसा दावा कर रहा है।

नड्डा बोले- आजादी के बाद नहीं हुआ ऐसा ऑपरेशन इस पर सदन के नेता और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि इस सदन के माध्यम से देश में ये संदेश नहीं जाना चाहिए कि हम ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा नहीं चाहते, हम चर्चा करेंगे और इस मुद्दे पर हर बात को सदन के पटल पर रखा जाएगा। मैं ये भी कहना चाहूंगा कि देश की आजादी के बाद देश में आज तक ऐसा ऑपरेशन नहीं हुआ, जैसा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर में हुआ। सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए नोटिस दिया गया है और जो भी समय तय किया जाएगा, सरकार इस पर चर्चा करेगी और हर सवाल का जवाब दिया जाएगा।

पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित परिवारों को मिलेगा भूमि स्वामित्व, मुख्यमंत्री योगी ने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री योगी ने 60 वर्षों से विस्थापन झेल रहे परिवारों को भूस्वामित्व देने का निर्देश दिया है। विभाजन के पश्चात 1960 से 1975 के बीच पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए हजारों परिवारों को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और रामपुर जनपदों में पुनर्वासित किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापित होकर राज्य के विभिन्न जिलों में बसाए गए परिवारों को विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार देने की दिशा में ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल भूमि के हस्तांतरण का मामला नहीं है, बल्कि उन हजारों परिवारों के जीवन संघर्ष को सम्मान देने का अवसर है, जिन्होंने देश की सीमाओं के उस पार से भारत में शरण ली और दशकों से पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन परिवारों के साथ संवेदना के साथ-साथ यथोचित सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। यह शासन की नैतिक जिम्मेदारी है।अधिकारियों ने बताया कि विभाजन के पश्चात 1960 से 1975 के बीच पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए हजारों परिवारों को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और रामपुर जनपदों में पुनर्वासित किया गया था। प्रारंभिक वर्षों में इन परिवारों को ट्रांजिट कैंपों के माध्यम से विभिन्न गांवों में बसाया गया और भूमि आवंटन भी किया गया, किंतु कानूनी और अभिलेखीय विसंगतियों के चलते अधिकांश को आज तक वैध भूमिधरी अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जनपद पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर सहित कई जिलों में पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए परिवारों को वर्षों पूर्व बसाया गया था और उन्हें कृषि भूमि भी आवंटित की गई थी। हालांकि, समय के साथ अभिलेखीय त्रुटियां, भूमि का वन विभाग के नाम दर्ज होना, नामांतरण की प्रक्रिया लंबित रहना अथवा भूमि पर वास्तविक कब्जा न होने जैसी कई प्रशासनिक व कानूनी जटिलताओं के चलते इन परिवारों को अब तक विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं। कुछ स्थानों पर अन्य राज्यों से आए विस्थापित भी बसाए गए हैं, जो आज भी भूमि स्वामित्व से वंचित हैं। अद्यतन स्थिति के अनुसार, एक ओर जहां कई गांवों में वर्षों से खेती कर रहे परिवारों ने भूमि पर स्थायी आवास बना लिए हैं, वहीं राजस्व अभिलेखों में उनके नाम आज भी दर्ज नहीं हैं। दूसरी ओर, कुछ ग्रामों में वास्तव में आज भी उन परिवारों का कोई अस्तित्व नहीं है, जिन्हें पहले वहां बसाया गया था। कई परिवारों ने बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए भूमि पर कब्जा किया है, जिससे समस्या हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन मामलों में पूर्व में भूमि का आवंटन गर्वनमेंट ग्रांट एक्ट के तहत हुआ था, उन्हें ध्यान में रखते हुए वर्तमान विधिक ढांचे में नए विकल्प तलाशे जाएं, क्योंकि यह अधिनियम 2018 में निरस्त किया जा चुका है।

संपादकीय Editorial

Cities in the coffin of filth

The cleanliness of the cities of Himachal Pradesh can be seen in the morning garbage collection, when the entire burden is carried by the labourers who have come on contract from other states on daily wages. The handkerchief of the municipal bodies is not visible on the rotten and leftover goods of the vegetable market. The society, which is fond of its taste on the boxes of fast food or food mart, throws it on the road, and the entire market becomes hell in the gathering of stray animals. Our pain is from our homes and our inability is from our system. Even though Himachal has elevated the municipal bodies to the politics of municipal corporations, but a dead system in the coffin of urbanization is pretending to wake up. If we look at the ranking of the Central Swachhta Survey 2025 in the act of waking up, then we will find the dead soul of the government settled in the state capital Shimla, the miracles of the parties and the roar of the bureaucracy. Shimla has slipped from 188th position to 347th in the list of clean cities at the national level, so why did we not stop while walking on the Mall Road of such a city. Has tourism made the capital dirty, has the increasing number of vehicles slowed it down? Whose face should we see in the picture of the capital that has fallen in cleanliness? It is surprising that the capital has become VIP or Shimla has become the Mecca of VIP personalities, but it is a matter of pity for the city's status that we have forgotten while being busy in the politics of the localities that in the prestige of the state, the stains of cleanliness will trample our existence too one day. By the way, to be happy, Shimla can be happy in the praise of the state's own standards that among the 66 urban bodies here, its number has come after Theog and Naidun. We are looking at urbanization as a problem, whereas in terms of the solution, the departmental status related to it is poor. Subathu Cantonment has improved in the survey, while in military areas like Dalhousie, Bakloh, Jatog, Dagshai and Kasauli, accountability and management is visible. If we look at the plight of Yol Camp, which was left out of the survey, we will understand how politics prefers hell for its own benefit. Yol, the most important and largest cantonment area of the state, has now been removed from it and made normal. That is, an urban system has been thrown into the dustbin of Panchayati Raj after decades because the civil society of Himachal also does not want to remain disciplined. The government can get a comparative study done to see why the Yol Camp of yesterday has become a heap of garbage today. Tomorrow, whenever the rest of the cantonment areas will be free, the distances of dirt will be closer. Of course, Theog has come on the top and Naidun on the second level on the state scale, but the question is that if our Swachhata Abhiyan is rated at the highest in these cities, then dirt in the rest of the towns is also a ranking. Perhaps if they hide behind some excuse or pretext, then one day the survey will prove their name too. To correct the mentality of urbanization in Himachal, under the TCP law and above politics, thinking will have to be done. Obviously, Rajesh Dharmani, who is in charge of the TCP department, is doing many original thinking and decisions. In this perspective, if regional plans for building construction are made, then new construction will not be just drawing, but the outline of development will also be determined according to future needs. The state which is providing clean air and water to North India with its environmental power and capability, if the standards of cleanliness are not being established in its own cities, then some new steps will have to be taken. From the point of view of garbage management, priority should be given to the construction of a system, process and infrastructure in the entire state.

Kanwar Yatra: The challenge of cultural infiltration in the tradition of devotion

In recent years, it has been observed that some so-called dhabas and restaurants, which misuse Hindu names or symbols and run under names like 'Shiv Dhaba', 'Ram Rasoi', 'Vaishnavi Bhojanalaya', in reality there is neither cleanliness nor satvikta and many times there is neither any devotion nor intention behind it. India is a country where faith, culture and Sanatan traditions are the heartbeat of life. Kanwar Yatra, a great tradition of devotion to Lord Shiva in the month of Sawan, is not just a religious ritual but a living expression of Sanatan Indian consciousness. But the way this holy journey has been targeted in the last few years has raised the question whether our religious identity and cultural heritage is being targeted by a well-planned mindset? Many incidents have come to light where elements with a jihadi mindset have been found hiding behind the identity of the so-called Kanwariyas. In recent years, it has been observed that some so-called dhabas and restaurants, which misuse Hindu names or symbols and operate under names like 'Shiv Dhaba', 'Ram Rasoi', 'Vaishnavi Bhojanalaya', in reality there is neither cleanliness nor sattvikta and many times there is neither any devotion nor intention behind it. This is not just a business fraud, it is a cultural attack where people's faith and belief are targeted through fake names. Kanwar Yatra: The unwavering flow of Sanatan tradition- Kanwar Yatra is mentioned in the Puranas as well as in modern society. This journey is done in the month of Shravan, when the holy water of Ganga is filled in Kanwar and offered in Shiva temples. The religious belief behind this is that Lord Shiva had held the poison Halahal in his throat, which came out during the churning of the ocean, due to which his heat increased, then he was pacified by anointing him with Ganga water. In this yatra, one can see the zeal of faith, discipline, dedication and spiritual unity, it is a reflection of the socio-cultural unity of India. Kanwar Yatra is not just a religious act, but it is the unwavering flow of Sanatan tradition, which has been flowing from generation to generation. This yatra gives us the message of religion, penance, restraint, tolerance and collective faith. But now this yatra is not just a journey of devotion, but has become a test of cultural existence. The most beautiful aspect of Kanwar Yatra is its collectivity. People from different states, languages and backgrounds connect with the same feeling. On the way, voluntary organizations do service work, arrange for food, rest and medical care. This yatra also strengthens the feeling of service, cooperation and dedication in the society. Planned infiltration and crisis of identity- Recently, many such cases have come to light from North India, Uttarakhand, Bihar and Delhi, where evidence has been found of Jihadi elements hiding their identity and participating in the Kanwar Yatra. These people mingle with the devotees of Lord Shiva wearing saffron clothes and applying sandalwood on their foreheads and then either harass women or plan to spread violence. Some Jihadi organisations circulated hate posts, videos and fake news on social media against the Kanwar Yatra. In many cities, stone pelting has even taken place on the Kanwar Yatra routes, in which Jihadi elements were found to be involved. A few days ago, a large amount of glass pieces were found on a lane reserved for Kanwar pilgrims on the Shahdara flyover in Delhi. The crisis looming over the Kanwar Yatra is not only external. The so-called 'secular' and leftist politics within the country is also engaged in making this Yatra suspicious and controversial. Such political parties never condemn the attacks on Kanwariyas, rather if police security is increased, they criticise it by calling it 'majority appeasement'. If people of a particular class have the right to halal food, then do Sanatanis not have the right to pure and satvik food? If a Hindu deliberately hides his identity and serves forbidden food to the Muslim community during Ramzan, will it increase communal harmony? No, it will only increase communal tension. Today, during the Kanwar Yatra, some people with a Jihadi mindset want to increase communal tension by converting Sanatanis by hiding their identity. Samajwadi Party chief Akhilesh Yadav is today fuelling this intention of increasing communal tension by taking a dig at the government's efforts and arrangements. It is clear from Akhilesh Yadav's statements that he neither understands faith nor has any experience of systems. Another senior SP leader and MP S.T. Hasan has directly attacked India's Sanatan tolerant culture by comparing Kanwariyas to terrorists. On the other hand, Congress leader Digvijay Singh has once again followed his old tradition and raised questions on Hindu faith and tradition. He believes that 'hatred spreads from Kanwar Yatra'. This statement of Digvijay Singh is a mere political polarisation strategy. Whenever the Congress is helpless, it starts fuelling the politics of Muslim appeasement by attacking Hindu symbols. The thinking behind this statement is part of a wider discourse where every Hindu symbol, every religious event is viewed with suspicion. This same thinking sometimes calls the slogan of Jai Shri Ram a provocative slogan, sometimes calls the saffron flag a symbol of hatred, and now presents Kanwariyas as terrorists. From the freedom struggle to nation building, Indian religion and culture have organised people. The saffron flag and slogans like 'Bol Bam' unite the country, they do not divide it. Linking these symbols with terrorism is an insult to the crores of citizens who practice their religion peacefully. If Kanwar Yatra is terrorism, then what is the soul of India? Then look at every religious event with suspicion. This direction takes the country nowhere but only towards polarization, intolerance and disintegration. Those who consider India's religious tolerance as a weakness must understand that Sanatan culture may be tolerant, but it is now vigilant too. The cheating that is being done to the devotees under the guise of 'fake name' in a sacred tradition like Kanwar Yatra is not just commercial dishonesty, it is a cultural crime. Kanwar Yatra is a shining reflection of our Sanatan tradition. It is the duty of all of us to stop the tendencies of using it for political, communal or fanatical purposes. Purity can be protected not only with external surveillance, but with inner awareness, harmony and truth. Religious pilgrimages should become a medium of coordination, not division, this is the soul of Indian culture.

SIA controversy becomes a bone in the throat of the government, FIR recommended against two senior officers

There is a lot of commotion in the political and administrative corridors of Madhya Pradesh these days. State Environment Impact Assessment Authority Chairman Shivnarayan Chauhan has created a sensation by recommending FIR against two senior IAS officers of the state government, Principal Secretary Navneet Kothari and EPCO Director Uma Maheshwari. The chairman of an authority controlled by the Madhya Pradesh government has recommended FIR against two IAS officers who are part of the government itself. This is the first case in the history of Madhya Pradesh and possibly the country. The more the delay in solving this case on the issue of corruption, the more the government is getting criticized. The interesting fact is that the Chairman of State Environment Impact Assessment Authority (SIA), Shivnarayan Chauhan, who recommended the FIR, has himself been an IAS officer, who joined the BJP after retirement. Not only this, his name was much discussed as a BJP candidate from an assembly constituency in Rajgarh district (although he did not get the ticket). It is well known that he got his current post because he is a member of BJP. In a letter written to the Chief Secretary, he has alleged that corruption is taking place in the environmental clearance process and the culprits for this are the Principal Secretary of the Environment Department Navneet Kothari and Director of Environment Planning and Coordination Organization Uma Maheshwari. The government was further embarrassed in this matter when after raising this matter, Chauhan found his office locked. The staff told that the lock was put on the orders of Principal Secretary Navneet Mohan Kothari. Later Kothari clarified that this was done due to short circuit in electricity. Chief Minister Dr. Mohan Yadav is currently on a foreign tour. All eyes are on him as to how he resolves this matter as soon as he returns? The influence of the "Scindia faction" is not the same as before - Jyotiraditya Scindia has been included in the 42 members of the National Working Council of BJP. No other supporter of his was seen in this list. In the Mohan Cabinet also, only three MLAs of the Scindia camp are ministers. There is a discussion in the political corridors that the high command is now giving preference to the organization and local leadership, while limiting Scindia to the post of 'Union Minister'. It can be said that the influence of the "Scindia faction" in Madhya Pradesh politics is no longer the same as before.Minister's birthday and the conduct of civil servants! Something happened on the birthday of State Minister Narayan Singh Pawar in Rajgarh district of Madhya Pradesh, which has raised questions on the impartiality of bureaucracy and administrative dignity. According to the information, the District Collector and Superintendent of Police themselves reached the Minister's office and the Collector-SP celebrated his birthday by feeding cake to the Minister and getting photographs taken amid the applause of Happy Birthday. All this happened in "government time" and "personal office of the Minister". The pictures and videos of this incident are going viral on social media. There is a discussion in the administrative corridors about this birthday that was this conduct of the Collector-SP under the conduct manual made for civil servants? Is it in accordance with the All India Service Conduct Rules, constitutional role and the spirit of democracy for IAS and IPS officers to celebrate the birthday of a minister or politician in their office? The monsoon session of Parliament will be tumultuous The monsoon session of Parliament, which begins on July 21 in Delhi, is going to be tumultuous. The Congress and the opposition have geared up to raise issues such as the special revision of the voter list in Bihar and the statement made by US President Donald Trump in May on the ceasefire between India and Pakistan. The government side is also ready to face the situation. The next seven days will also be very busy politically. IAS Vivek Agarwal and the Prime Minister's parliamentary constituency Varanasi The importance of Vivek Agarwal, a 1994 batch Madhya Pradesh cadre officer in the Indian Administrative Service, is increasing in the eyes of Prime Minister Narendra Modi. This was seen when Vivek Agarwal chaired an interstate meeting held in the PM's parliamentary constituency Varanasi. This meeting was focused on making Varanasi as clean and tidy as Indore. In this, the collector and corporation commissioner of Indore gave detailed information to the Varanasi officials on the cleanliness model of Indore. The meeting of officials from Varanasi and Indore was chaired by Union Culture Secretary Vivek Agarwal. Agarwal was the collector of Indore 20 years ago. It is believed that the Prime Minister has given the responsibility of making Varanasi a clean and tidy city to Vivek Agarwal.

जनप्रतिनिधियों के निशाने पर रहे बिजली विभाग के अधिकारी

मुरादाबाद- सर्किट हाउस सभागार में नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों के निशाने पर बिजली विभाग के अधिकारी रहे। साथ ही मंडलायुक्त ने भी अधिकारियों व कर्मचारियों के व्यवहार की निंदा की। ऊर्जा मंत्री ने सर्किट हाउस में बिजली विभाग की समीक्षा बैठक में जन प्रतिनिधियों व उद्यमियों से बिजली आपूर्ति की जानकारी ली। जनप्रतिनिधियों ने विभाग के कार्यशैली को बेनकाब किया। सत्ताधारी पार्टी के जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने कहा वह बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यशैली व व्यवहार से दुखी हैं, कई बार फोन करने पर भी रिसीव नहीं किया जाता है।वहीं कुंदरकी के विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और क्षेत्र की समस्याएं बताईं। लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का रवैया खराब है। कांठ के पूर्व विधायक राजेश सिंह ने कहा कि 25 गांवों को लंबे समय से सिंगल फेज की लाइट मिल रही है। अन्य जन प्रतिनिधियों ने भी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपभोक्ता व जन प्रतिनिधियों के साथ व्यवहार की शिकायत मंत्री से की। जिस पर तमतमाए मंत्री ने दो टूक चेतावनी दी कि विभाग के अधिकारी कर्मचारी सुधर जाएं अन्यथा कार्रवाई तय है।

मंडलायुक्त ने बताया कि शनिवार रात 12 बजे उनके पास उपभोक्ता का फोन आया, उसके मोहल्ले में तीन घंटे से बिजली नहीं आ रही थी, बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन करने के सवाल पर जवाब दिया कि एक नहीं कई बार फोन किया लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। इसलिए आप को फोन किया है। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वह उपभोक्ताओं व जन प्रतिनिधियों के द्वारा सीयूजी नंबर पर किए फोन को अवश्य उठाएं। आगे से ऐसी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। नहीं तो सुधरने का अवसर भी नहीं मिलेगा।

संक्षिप्त समाचार

अमृत सरोवर में नहाने गए 48 वर्षीय व्यक्ति की तालाब में डूबकर मौत परिवार में मचा कोहराम

क्यूँ न लिखूँ सच / मुरादाबाद भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव समदा चतुर्भुज में रविवार की शाम को बूढ़े बाबा मनोकामना मंदिर के पास बने अमृत सरोवर में गर्मी की वजह से कपड़े उतार कर नहाने गये व्यक्ति की गहरे गड्ढे में जाने से पानी में डूब कर उसकी मौत हो गइ

ं सोमवार की सुबह मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने आये श्रद्धालुओं ने अमृतसरोवर के तालाब में शव को तैरते हुए देखा इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी पुलिस ने घटना स्थल पर पहुँच कर ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला ग्रामीणों ने शव की पहचान हरिद्वारी उर्फ राजेश पुत्र भूरे सिंह निवासी डकारी थाना कोतवाली जिला संभल के रूप में की ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अपने बहनोई विजेंद्र सिंह पुत्र सुखी सिंह एंव दामाद अतुल निवासी समदा चतर्भुज चौकी मानपुर थाना भगतपुर के यहां एक सप्ताह से मेहमानदारी कर रहा था सूचना पाकर विधि विज्ञान टीम भी मौके पर पहुंची और जानकारी एकत्र की पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है,इस संबंध में थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अभी तक परिजनों की तरफ से कोई तहरी नहीं मिली है द्य

अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, कई घटनाओं का खुलासा

पुलिस ने 100 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल कर पकड़े आरोपी

मुरादाबाद- मझोला थाना पुलिस ने तीन चोरी की वारदात का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से दो एलईडी, दो बैटरी, तीन जोड़ी सफेद धातु पाजेब, दो देसी शराब की पेटी (जिसमें कुल 90 पव्वे), पांच हजार रुपये नकद और घटना को अंजाम देने में इस्तेमाल कार बरामद की। वारदात का खुलासा करने में पुलिस ने 100 कैमरों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले थे। रविवार को एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने पुलिस लाइन में बताया कि थाना मझोला पुलिस ने आरोपी शिवम निवासी हनुमान नगर लाइनपार, रवि कुमार निवासी ग्राम गदरपुर बिसोब बदायूं, राहुल निवासी भोला वेल्डिंग वाली गली मोहल्ला मानपुर नारायणपुर रामतलैया मझोला, नफीस निवासी ब्लाक 128 त्रिलोकपुरी थाना फेस एक मयूर विहार दिल्ली को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि चोरों ने चोरी करने के लिए हाईटेक तरीका अपनाया था। कार में सभी एकसाथ घूमते थे। जिससे किसी को शक भी न हो। जिस घर में ताला लगा होता था। उस घर में चोरी फाइनल हो जाती थी। इसी तरह यह 12-13 जुलाई की रात कार से नया मुरादाबाद के सेक्टर 16 के मकान का ताला तोड़कर घर में घुस गए। यहां इन्होंने दो बैटरे, एक एलईडी, एक प्रिंटर, एक डीवीआर चोरी की। प्रिंटर चलते-फिरते कबाड़ी को कम दाम में बेच दिया। प्रिंटर बेचकर जो रुपये मिले वह आपस में बांट लिए। उस चोरी में से बैटरे, एलईडी बची थी। जिसे कार में रख लिया। अगले दिन फिर नया मुरादाबाद के सेक्टर 13 के एक मकान का ताला तोड़कर घर से दो टीवी, तीन जोड़ी पाजेब चोरी करके निकल गए। बाद में सिरकाई भूड़ कांशीराम नगर स्थित देसी शराब के ठेके का ताला तोड़ दिया। यहां से देसी शराब की 25 पेटी व 7-8 हजार रुपये चोरी किये। जिसमें दो पेटी देशी शराब बची थी। बाकी शराब पी ली। दोस्त और अन्य को भी चोरी की शराब पिला दी। आने-जाने वालों को भी कम दाम में शराब बेच दी। चोरी के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किये। लगभग 100 कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद आरोपियों को पकड़ा जा सका। बताया कि उनके गिरोह के बाकी अन्य सदस्य भी हैं। जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। एसपी सिटी ने बताया कि बाकी अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा

मुरादाबाद में आस्था की तस्वीरें: सड़कों पर कांवड़ियों का हुजूम, जलाभिषेक साथ मंदिरों में गूंजा हर-हर महादेव

मुरादाबाद- सावन के दूसरे सोमवार को मुरादाबाद में तड़के से ही शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह चार बजे से शहर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालु लंबी कतारों में खड़े होकर जलाभिषेक करते नजर आए। बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठे। मुरादाबाद में सावन के दूसरे सोमवार को तड़के से ही श्रद्धा और भक्ति का माहौल दिखने लगा। सुबह चार बजे से ही शहर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठे। भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र और पुष्प अर्पित कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। जगह-जगह कांवड़ियों और शिवभक्तों के स्वागत के लिए शिविर भी लगे रहे। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा।डाक कांवड़ियों का सैलाब - हरिद्वार और ब्रज जाने वाले कांवड़ियों की संख्या शहर के विभिन्न सड़कों पर बढ़ गई है। दिल्ली और कांठ रोड पर पैदल कांवड़ के बाद अब डाक कांवड़ियों का सैलाब दिखाई दे रहा है। अगले पांच दिनों तक दिल्ली और कांठ रोड शिवभक्तों से गुलजार रहेगा। वहीं, कुछ शिवभक्त गंगाजल लेकर मंदिरों की ओर बढ़ने लगे। सावन माह में चल रही कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्त विभिन्न प्रकार के झांकी के साथ गंगाजल लेने जा रहे हैं।रविवार को एक विशाल शिव कांवड़ ने शिवभक्तों और राहगीरों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इसकी सजावट की गई थी। कांवड़ यात्रियों ने इसे विशेष रूप से तैयार किया था। इस कांवड़ को फूलों, झालरों और धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया था। कांवड़ को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों का सड़क पर जमावड़ा लगा रहा।हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए कांवड़िये डांस करते हुए रेलवे रोड से बरेली जा रहे थे। इस दौरान कांवड़ियों ने हर-हर महादेव का जयकार भी लगाया। सड़कों पर सबसे अधिक डाक कांवड़ का सैलाब रहा है।कांवड़ यात्रा को लेकर महिलाओं और बच्चों में उत्साह-कांवड़ यात्रा को लेकर महिलाओं और बच्चों में भी उत्साह है। रीमा शर्मा, कुसुम दिवाकर अपने बच्चों के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांठ रोड होते हुए रामपुर जा रही थी। रीमा शर्मा ने बताया कि यह हमारी पहली कांवड़ है। शुक्रवार को गंगाजल लेने हरिद्वार बच्चों के साथ गई थी। वह सोमवार को रामपुर में भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करेंगे।भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए 101 लीटर ला रहे गंगाजल बजरंग दल के कार्यकर्ता वंश और तनिष्क बिंद्रा ने हरिद्वार से 101 लीटर गंगाजल लेकर आए। उन्होंने बताया कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए 101 लीटर गंगाजल भगवान शिव को समर्पित करेंगे। वह शनिवार को गंगाजल लेने गए थे और रविवार को जल लेकर आ गए। वहीं, लाइनपार के रहने वाले अरविंद ने भी 101 लीटर गंगा जल हरिद्वार से लेकर आए।कांवड़ियों के ऊपर पुलिस ने बरसाए फूल- ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को मुरादाबाद बस अड्डे पर फूल बरसाकर कांवड़ियों का स्वागत किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने कांवड़ियों को भोजन का प्रसाद बांटा। कांवड़ियों ने हर-हर महादेव के जयकारों के साथ पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस जिले में हर स्तर पर न केवल यातायात नियंत्रण, सुरक्षा और निगरानी में जुटी है, बल्कि श्रद्धालुओं के स्वागत में समर्पित भाव से काम कर रही है।मंदिरों में जलाभिषेक के लिए तैयारियां पूरी -शहर के मंदिरों में सावन के दूसरे सोमवार को शिव को जलाभिषेक किया गया। श्री महाकालेश्वर धाम मंदिर नया मुरादाबाद, मनोकामना श्री हनुमान मंदिर रेलवे कॉलोनी, प्राचीन शिव मंदिर झांझनपुर, ऋणमुक्तेश्वर मंदिर मझोला, श्री शिव हरि मंदिर रामगंगा विहार, राधा कृष्ण मंदिर सिविल लाइंस और माता मंदिर लाइनपार में भारी संख्या में सोमवार को श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सुबह चार बजे मंदिरों के कपाट खुल गए थे। भगवा रंग से सजा बाजार- ऑपरेशन सिंदूर की झलक अब आपको शिव भक्तों के परिधान पर भी दिखेगी। सावन में कावंड़ियों के लिए बाजार खास अंदाज में सजा है। भगवा रंग के कपड़ों पर शिव के विभिन्न रूपों को चित्रण किया गया है। कांवड़ियों के लिए कपड़ों के अलावा घुंघरू, आर्टिफिशियल जटाएं, रबड़ के सांप, पीतल के त्रिशूल आदी खूब बिक रहे हैं।बाजार में भगवा रंग के कपड़ों की जबरदस्त मांग है। खासकर ऑपरेशन सिंदूर प्रिंट टी-शर्ट एक नया ट्रेंड बन गई है। वहीं भगवा टी-शर्ट पर भगवान शिव के अलग-अलग रूप हैं। कई टी-शर्टों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी की फोटो छपी है।गुरहट्टी, गंज बाजार, कटरा, लाइनपार, टाउनहॉल के अलावा कई स्थानीय बाजारों में इनकी मांग है। टी-शर्ट की कीमत 100 से 250 रुपये हैं। कपड़ों पर हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय और शिव-भोले लिखे होने के साथ-साथ महादेव और शिव परिवार का डिजिटल प्रिंट भी है।साथ ही भगवा रंग के पटके और रुद्राक्ष की मालाओं की खूब मांग हैं। दुकानों में पुरुषों के लिए भगवा कुर्ते, धोती और गमछे भी उपलब्ध हैं। वहीं महिलाओं के लिए हर-हर महादेव के दुपट्टे, शॉर्ट कुर्ते और टी-शर्ट खास आकर्षण बने हुए हैं। यह 100 रुपये से 350 रुपये की कीमत में मिल रहे हैं।राहगीरों को खिलाया भोजन दिल्ली रोड स्थित मिलन विहार के सामने अमरनाथ समिति के भंडारा लगाया। भंडारे में बाबा अमरनाथ का शिवलिंग आकर्षण का केंद्र बना। भंडारे की शुरुआत वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल अग्रवाल ने पूजा कर किया। इसके बाद समिति के सदस्यों ने राहगीरों को भोजन कराया। समिति के अध्यक्ष के के अग्रवाल ने अतिथियों को भगवा, पटका पहनाकर व शिव प्रतिमा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अंजली सिंह, एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह, एंटी रोमियो स्क्वाड की इंचार्ज चंद्रप्रभा गौतम, कोतवाल मुरादाबाद सुनीता दहिया, सचिन जैन और राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। शिव भक्तों की सेवा में जुटीं संस्थाएं.कों पर हर-हर, बम-बम की गूंज सुनाई दे रही है। रविवार को सामाजिक और अन्य संगठनों की ओर से शिविर लगाकर कावंड़ियों की सेवा की गई। दिल्ली और कांठ रोड पर कई जगहों पर कांवड़ियों के लिए शिविर लगाया गया है। दिल्ली रोड स्थित मिलन विहार के सामने अमरनाथ समिति के सदस्यों ने कावंड़ियों की सेवा के लिए भंडारे का आयोजन किया।पदाधिकारियों ने बताया कि यह पांचवां विशाल भंडारा है। यह भंडारा शिव भक्तों की सेवा करने के लिए लगाया गया है। यहां पर हजारों की संख्या में कावंड़ियों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, यप परिवार की ओर से साईं मंदिर रोड पर कावंड़ियों के लिए अल्पाहार का प्रबंध किया गया। इसमें कावंड़ियों के साथ-साथ राहगीरों ने भोजन ग्रहण किया। इस दौरान नेहा मेहरोत्रा, संजना भटनागर, पूनम गुप्ता, अवनीत, प्रियंका सिंह, प्रतिमा, प्रिया आदि मौजूद रहीं। रुद्राभिषेक में जुटे श्रद्धालु रुद्राभिषेक आयोजन समिति मुरादाबाद के तत्वावधान में रविवार को राधाकृष्ण मंदिर में आयोजित सामूहिक रूद्राभिषेक में भगवान शिव को 251 जोड़ों ने अभिषेक किया। श्री वेंकटेश्वर पीठाधीश्वर स्वामी देवनारायणाचार्य के नेतृत्व में मंत्र उच्चारण किया गया। उन्होंने हरिद्वार से मंगाए गए गंगा जल और दूध, दही, शहद, घी, शक्कर से भगवान शिव का अभिषेक कियाइस दौरान सभी ने ओम नमः शिवाय का जाप किया। इसके बाद महादेव को बेलपत्र, धतूरा, फूल-माला, शम्मी पत्र, कनेर, पुष्प, फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया। इसके साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम का समापन महाआरती के साथ की गई। सामूहिक रूद्राभिषेक मुख्य यजमान आरती ठाकुर एवं मुनीश ठाकुर ने किया।10 जोन और 24 सेक्टरों में बांटा गया शहर- सावन माह के दूसरे सोमवार और शिवरात्रि को लेकर पुलिस अलर्ट हो गई है। कांवड़ मार्ग पर जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए है। रविवार की रात एसएसपी सतपाल अंतिल ने कांवड मार्ग का भ्रमण किया और सुरक्षा का जायजा लिया। सुरक्षा के मद्देनजर जिले को 10 जोन और 24 सेक्टर में बांट कर एक हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त आरएएफ की एक कंपनी और पीएसी जवानों की दो कंपनी व एक प्लाटून को भी लगाया गया है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

पीटीआर के हाथ से निकली अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस की मेजबानी

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघ के सर्च आपरेशन का असर अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस (Global Tiger Day), आयोजन पर पड़ा है। अब यह आयोजन बिजनौर के अमानगढ़ टाइगर रिज़र्व में होगा, जिससे पीलीभीत टाइगर रिज़र्व की तैयारियों को झटका लगा है। दरअसल हर साल 29 जुलाई को इंटरनेशनल टाइगर डे मनाया जाता है, ताकि लोगों में बाघों के संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाई जा सके। इस मौके पर सभी टाइगर रिजर्व अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम करते हैं, लेकिन हर साल एक जगह राज्य स्तरीय भव्य आयोजन भी होता है। इस बार इस भव्य आयोजन की जिम्मेदारी पीलीभीत टाइगर रिजर्व को सौंपी गई थी। शासन

से निर्देश मिलते ही पीलीभीत टाइगर रिजर्व प्रशासन ने कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी,कार्यक्रम स्थल, मेहमानों की सूची, चर्चा के मुद्दे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाने लगी। इस दिन बाघों के संरक्षण, उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा, टाइगर कॉरिडोर, मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसी गंभीर समस्याओं पर चर्चा होती।

कार्यक्रमों की फेहरिस्त तैयार हो गई थी। ताकि आयोजन का सिलसिला कर आने वाले अतिथियों को प्रभावित किया जा सके। आगामी 29 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर होने वाले आयोजन के लिए तराई में बंगाली, पूर्वांचल और सिख संस्कृति की सभ्यता वाले क्षेत्रों में लोगों से संपर्क किया जा चुका था।यही नहीं कार्यक्रम स्थल को लेकर शहर के एक बड़े रिजॉर्ट, प्रेक्षा गृह समेत एक अन्य करीब तीन स्थलों का दौरा किया गया था। इसमें स्थान को लेकर अंतिम सहमति बननी थी। पर ऐन वक्त पर मडरिया, फुलहर और सैजना समेत अन्य गांवों में बाघ के हमले और घटनाएं बढ़ने से कार्यक्रम पर संकट के बादल छाने लगे। सर्च आपरेशन का अप्रत्यक्ष रूप से बड़ा असर पीलीभीत टाइगर रिजर्व की विशिष्ट पहचान पर पड़ा है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाघ का आयोजन अब पीटीआर के बजाए बिजनौर के अमानगढ़ टाइगर रिज़र्व में होगा।

सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की उमड़ी भीड़

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत सावन माह के दूसरे सोमवार को लेकर मंदिरों में तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आज सुबह से ही बम-बम भोले के जयघोष गूंजने लगे। कांवड़ियों ने गंगा समेत अन्य पवित्र नदियों के जल से भोलेबाबा का जलाभिषेक किया । इसको लेकर मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन ने भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

सावन के दुसरे सोमवार पर शहर से लेकर कस्बों और गांवों तक के शिव मंदिरों में हर हर महादेव के जयकारे गूंजे। भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए सुबह से ही भक्तों की कतार लगी। कांवड़ियों ने गंगाजल से

भोलेनाथ का अभिषेक किया। शहर के प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में सुबह छह बजे से ही भक्तों की भीड़ जमा होने लगी थी। मंदिर गेट तक लाइन लग गई। श्रद्धालुओं ने विधि विधान से भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। बदायूं के कछला घाट से गंगा जल लेकर आए कांवड़ियों ने भोलेबाबा का जलाभिषेक किया। सावन के दूसरे सोमवार पर शहर के गौरीशंकर मंदिर समेत शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ने को लेकर पुलिस प्रशासन और मंदिर कमेटियों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। रविवार शाम से ही कांवड़ मार्ग समेत सभी प्रमुख शिव मंदिरों में सुरक्षा के लिहाज से ड्यूटियां लगा दी गई हैं।

मंदिर परिसर में बैरीकेडिंग के अलावा जगह-जगह बैरियर लगवाए गए हैं। ताकि कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कांवड़ियों के प्रत्येक जत्थे के साथ पुलिस रहेगी। शहर के गौरीशंकर मंदिर, अर्द्धनारीश्वर मंदिर, दूधिया महादेव समेत सभी शिव मंदिरों में सावन के दूसरे सोमवार को जलाभिषेक और पूजा-अर्चना करने को अधिक संख्या में शिवभक्त पहुंचें। होगा।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

थाने में रील बनाने वाला आरोपी हवालात से लंगड़ाते हुए निकला बाहर

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। पुलिस हिरासत के दौरान थाने में रील बनाने और उसे इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने के

आरोपी फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला सराय वार्ड नंबर 15 निवासी इरिश खान उर्फ बाबा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। रविवार को वह हवालाते से लंगड़ाते हुए निकला। उसने कान पकड़कर माफी मांगी। कहा कि अब ऐसी गलती कभी नहीं करूंगा। इंस्पेक्टर सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि आरोपी इरिश खान सब्जी की दुकान चलाता है। आर्म्स एक्ट में वह पहले भी जेल जा चुका है। शुक्रवार को इरिश खान और प्रेम गुप्ता को बीएनएस की धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया था। इस दौरान प्रभु गुप्ता ने अपने घर बात कराने का अनुरोध करते हुए मोबाइल फोन मांगा।

पत्नी की जगह ब्लॉक प्रमुख बताकर पति ने फोटो लगाई

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। क्यारा ब्लॉक प्रमुख रजनी चौहान के पति ने खुद को ब्लॉक प्रमुख बताते हुए क्षेत्र में होर्डिंग में अपना फोटो लगवा दिया। होर्डिंग का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस से गड़बड़ी होने की बात कही। बदायूं मार्ग पर लगे होर्डिंग में अरविंद चौहान को

क्यारा का ब्लॉक प्रमुख दर्शाया गया है, जबकि वास्तव में उनकी पत्नी रजनी चौहान ब्लॉक प्रमुख हैं। लोगों ने इसका फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इस पर लोग टिप्पणी करने लगे। इस प्रकरण पर अरविंद चौहान ने बताया कि वह शहर से बाहर हैं। प्रिंटिंग प्रेस को पत्नी और अपने फोटो, जानकारियां भेजकर श्रावण मास और रक्षाबंधन सहित अन्य त्योहारों पर शुभकामना संदेश का होर्डिंग्स बनाने के लिए कहा था। अपनी सफाई में कहा कि इसे लगाने की जिम्मेदारी भी प्रिंटिंग प्रेस की ही थी। जानकारी के अभाव में उसने मेरी फोटो के नीचे ब्लॉक प्रमुख पति के बजाय ब्लॉक प्रमुख लिख दिया। जानकारी मिलने पर उसे कॉल कर तत्काल सभी होर्डिंग हटवाकर सही जानकारी के साथ दूसरा होर्डिंग लगाने के लिए कहा है।

साइकिल टच होने से भड़के कांवड़ियों ने युवक के फाड़े कपड़े, भागकर बचाई जान

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सावन के दूसरे सोमवार पर कांवड़ियों में उत्साह है। मगर अलग-अलग जगह विवाद का सिलसिला भी जारी है। सोमवार को पीलीभीत बायपास रोड पर कांवड़ियों का साइकिल सवार युवक से विवाद हो गया। कांवड़ियों ने युवक के कपड़े तक फाड़ दिए। उसने एक बाइक एजेंसी के शोरूम में घुसकर अपनी जान बचाई। सोशल मीडिया पर कांवड़ियों के हंगामे का वीडियो भी वायरल हो रहा है। सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे बांके बिहारी हीरो एजेंसी के पास पीलीभीत बायपास रोड पर कांवड़ियों का जत्था निकल रहा था। इस दौरान पास से गुजर रहे साइकिल सवार रंजीत पुत्र सतपाल निवासी जोगी नवादा थाना बारादरी की साइकिल से कांवड़ टच हो गई। इसी बात को लेकर के दोनों में जमकर बहस हुई। देखते ही देखते कांवड़िया रंजीत पर हमलावर हो गए। जिसमें उसकी टी शर्ट भी फट गई। रंजीत ने पास में ही मौजूद बाइक एजेंसी में घुसकर अपनी जान बचाई। एजेंसी पर मौजूद लोगों व हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश मीडिया प्रभारी ने बीच बचाव कराकर मामला शांत कराया। जिसके बाद कांवड़िए अपने आगे के लिए रवाना हुए। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले में किसी प्रकार की लिखित या मौखिक तहरीर नहीं मिली है।

जिलाधिकारी व एसएसपी ने धोपेश्वरनाथ मंदिर में एक साथ किया जलाभिषेक

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली- सावन के पवित्र माह के दूसरे सोमवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के साथ धोपेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि काँवड़ियों का जत्था पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ कछला, हरिद्वार से जल लाकर भोलेनाथ को अर्पित करते है। उन्होने कहा कि कावड़ियों को मार्ग में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जगह जगह पर विश्राम गृह बनाये गये हैं वहां पर प्रत्येक रविवार तथा सोमवार को लगातार भंडारे चल रहे हैं, तथा कांवड़ियों के जत्थे को वहीं पर उपचार मिल सके इसके लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प भी लगाये गये हैं व पुलिस सहायता केंद्र भी खोले गए है। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि बरेली को नाथनगरी के नाम से भी जाना जाता है। बरेली जनपद में जितने भी नाथ मन्दिर हैं वहां पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था की गयी है। उन्होने बताया कि इस बार महिलाओं की संख्या कांवड़ियों में अधिक होने के

कारण पुलिस प्रशासन द्वारा हर मन्दिरों में अलग से महिला हैल्प डैस्क की स्थापना भी की गयी है सभी मन्दिरों में ड्रोन कैमरे के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिला अधिकारी ने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप पौधों को सभी को भेंट किए।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने भमौरा थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा बनाए गये कांवड़ सहायता पुलिस चौकी का निरीक्षण किया सभी को यह निर्देश भी दिये गये कि जो भी कांवड़ियों का जत्था यहां से गुजरे उसकी रजिस्टर में एण्ट्री अवश्य की जाये। उन्होंने निरीक्षण में पाया कि वहां पर कैमरे नही लगे हुए है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र कैमरे लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो भी पुलिस कर्मी यहां पर बैठे उसके चाय-पानी की पूर्ण व्यवस्था की जाये। जिला अधिकारी व एसएसपी द्वारा ग्राम नितोई व रामगंगा में प्रशासन द्वारा आयोजित भंडारो में कांवड़ियों को प्रसाद वितरण कर और कांवड़ियों को पुष्प माला पहनाकर पुष्प वर्षा कर उन्हे आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व बड़ी संख्या में कांवड़ियां व शिव भक्तगण उपस्थित रहे।

सावन का दूसरा सोमवार : बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठी नाथ नगरी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। नाथ नगरी में सावन के दूसरे सोमवार की झलक बीते दिवस से ही शहर की सड़कों पर दिखी। दिनभर शहर में बम-बम की प्रतिध्वनि गूंजती रही। अलखनाथ मंदिर में आधी रात के बाद से ही जलाभिषेक शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव जयघोष के साथ शिवार्चन किया। सोमवार को तड़के चार बजे ही शिवालयों में भक्तों की लंबी कतार लग गई। इससे पहले कालाबाड़ी, पुराना शहर, सीबीगंज, किला, पीलीभीत रोड समेत अन्य जगह से नाचते-गाते कांवड़ियों के जत्थे गंगाजल लेने कछला के लिए रवाना होते रहे। उनकी टोली में शामिल भगवान शिव की 10 फुट ऊंची मूर्ति सहित अन्य झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं, शनिवार को कछला के लिए रवाना हुए जत्थे गंगाजल लेकर रविवार शाम व रात को शहर लौटे। जोगी नवादा में कंबडियो का जत्था रविवार को जल लेकर लौटा। मेला संयोजक गिरधारी लाल

जलाभिषेक को मंदिरों में लगी भक्तों की लम्बी कतार

कांवड़िये, हुई पुष्पवर्षा कैंट से 30 कांवड़ियों का जत्था रविवार को गढमुक्तेश्वर के लिए रवाना हुआ। सद्भाव समाज सेवा समिति की ओर से शिवभक्तों को फूल माला पहनाई गई। इस दौरान सुनील सक्सेना, महेंद्र राठौर, मनोज पांडेय, प्रवेश कुमार, आरएस शर्मा, स्वदेश कन्नौजिया आदि मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों ने की कांवड़ियों की सेवा पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने शहर से गुजर रहे कांवड़ियों को भोजन कराया। जल और शरबत पिलाकर सेवा की। बदायूं रोड पर लगाए गए शिविर में कांवड़ियों का स्वागत किया गया। एसपी सिटी मानुष पारीक ने शिवभक्तों को फल, शीतल पेय आदि वितरित किए। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आंवला के ग्राम नितोई में कांवड़ियों को प्रसाद ग्रहण कराया ।

साहू, समिति के संरक्षक धर्मेंद्र राठौर रिंकू, रामलीला समिति के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने उनका भव्य स्वागत किया। सभी शिवभक्तों ने रात्रि में वनखंडीनाथ मंदिर परिसर में ही विश्राम किया। सोमवार सुबह कछला से लाए गंगाजल से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। वनखंडीनाथ मंदिर पहुंचने से पहले जत्थे में शामिल शिवभक्तों ने कुछ देर रुककर बाबा अलखनाथ का दर्शन किया। धूमधाम के साथ निकले

न्यूरिया मे भगवान शिव के जयकारे लगाते कछला से गंगाजल लेकर आए कावड़िया

क्यूँ न लिखूँ सच / मोहम्मद सलीम / न्यूरिया पीलीभीत मे सोमवार की सुबहा से ही शिवाल्यो मे बम बम भोले की गूंज रही मंदिर के बहार भक्त कतारों मे अपनी अपनी बारी का इंतेज़ार करते रहे श्री राधव माधव श्री कृष्ण मंदिर मे पहुंचकर श्रद्धलूओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया भोले की भक्ति मे लीन भोर से शिवाल्यो मे जल चढ़ाने पहुंच गए

कल नगर से एक जत्था गंगा जल लेने कछला गया था आज कावड़ लेकर बापस आया जत्था ने श्री राधव माधव मंदिर मे जलाभिषेक किया पुजारी रोहित पाण्डेय ने पूजा अर्चना कराकर शिव मंदिर मे जलाभिषेक कराया ओर उसके बाद प्रसाद का भी वितरण किया गया जत्था मे उपस्थित रहे शिव भक्त विक्की पाण्डेय टिंकू कश्यप मुकेश राठौर राजीव गुप्ता ओमप्रकाश शर्मा राकेश गुप्ता

